# लविवि छात्रों का कुलपति ने किया उत्साहवर्धन



लखनऊ (एसएनबी)। आई.टी.कालेज में पिछले दिनों हुई अन्तरविद्यालयीय प्रतियोगिता में चैम्पियन्स ट्राफी लविवि के छात्रों की टीम के हाथ लगी।

टीम के इन्हीं सदस्यों को बृहस्पतिवार को लविवि कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने भी उत्साहवर्धन किया और सभी के साथ फोटो खिंचवाई।

लविवि प्रवक्ता का कहना है कि टीम ने पोस्टर मेकिंग, आरजे हंट, टीशर्ट पेन्टिंग, बेस्ट आऊट ऑफ वेस्ट, कोलाज मेकिंग, क्रियेटिव राइटिंग समेत कई प्रतियोगिताओं में प्रथम पुरस्कार पाया है, जबकि कईयों में तीसरा पुरस्कार पाया है।

# एलयू के एमबीए विभाग की गेस्ट फैकेल्टी होंगी नियमित

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

लखनऊ विश्वविद्यालय के एमबीए विभाग की गेस्ट फैकेल्टी के शिक्षकों को संविदा पर रखने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। इसके लिए विभाग में साक्षात्कार भी शुरू हो गया है। लविवि के बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन विभाग में लगभग जितने भी गेस्ट फैकल्टी के शिक्षक है उन्हें जल्द ही संविदा पर रख लिया जायेगा। लविवि के ओल्ड और न्यू कैंपस में बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन विभाग में शिक्षकों की कमी के कारण गेस्ट फैकेल्टी से लेक्चर दिलवाए जा रहे थे। गेस्ट फैकेल्टी को प्रति लेक्चर पीजी में 800 और यूजी में 600 रुपये दिए जाते हैं। एमबीए के विभागाध्यक्ष संजय मेधावी ने बताया कि अब इन गेस्ट फैकेल्टी के शिक्षकों को संविदा पर तैनात किया जायेगा। नियुक्ति के लिए ओपन इन्टरव्यू शुरु हो गए हैं। इन्टरव्यू के लिए एक्सटर्नल एक्सपर्ट भी बुलाए गए हैं। जल्द ही लिस्ट फ इनल करके रिपोर्ट कुलपति को भेज दी जाएगी।

# लविवि में अगले सत्र से स्नातक स्तर पर सेमेस्टर सिस्टम

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

## ● 29 फरवरी तक बगैर बिलम्ब शुल्क के भरे जायेंगे फार्म

लखनऊ विश्वविद्यालय में इस बार स्सतक स्तर पर छात्र आखिरी बार वार्षिक परीक्षा देंगे। इसके बाद वार्षिक परीक्षाएं विवि के इतिहास में दर्ज हो जायेंगी क्योंकि पिछले दो सत्र से लागू सैमेस्टर के बीच इस बार स्नातक फाइनल की परीक्षा में छात्र शामिल होंगे। अगले सत्र से पूरा स्नातक सेमेस्टर सिस्टम पर आधारित होगा। परीक्षा फार्म को लेकर गुरुवार को विवि प्रशासन ने 29 फरवरी तक बगैर बिलम्ब शुल्क के साथ परीक्षा फार्म भरने की तिथि घोषित कर दी है।

विवि की वार्षिक परीक्षाएं अगले महीने 23 मार्च से प्रस्तावित है। ऐसे में यूजी के बीए, बीकॉम, बीएससी थर्ड इयर के रेगुलर इक्जाम्टेड छात्रों के साथ यूजी सेकेंड इयर के इक्जाम्टेड छात्रों को भी परीक्षा फॉर्म भरना होगा। परीक्षा नियत्रंक एके मिश्रा ने बताया कि परीक्षा फॉर्म भरने के लिए भी छा[त्रों] को नेड आईडी अनिवार्य कर दि[या] गया है।

बिना नेड आईडी के कोई छात्र परीक्षा फॉर्म नहीं भर सक[ता] है। ऐसे में जिन छात्रों के पास ने[ड] आईडी नहीं है वह एनएसडीएल [की] वेबसाइट पर जाकर अपनी आई[डी] अवश्य बना लें। परीक्षा नियंत्रक [ने] बताया किसी छात्र व कॉलेजों [को] हर हाल में चार मार्च तक भरे [गए] परीक्षा फॉर्म की कॉपी संबन्धि[त] संकायों में जमा करना होगा। व[हीं] जो छात्र इक्जाम्टेड फॉर्म भर रहे [हैं] वह परीक्षा फॉर्म व फीस रसीद [के] साथ जमा कराएंगे।

# रेडियो टैग सेफ रखेगा डॉक्यूमेंट्स

## एलयू में सभी नीली और लाल रिकॉर्ड बुक को रेडियो टैग से किया जाएगा सुरक्षित

**LUCKNOW (6 Feb):** लखनऊ यूनिवर्सिटी का एग्जाम डिपार्टमेंट अपने सभी टैबुलेशन चार्ट सुरक्षित रखने के लिए नई तकनीक यूज करने जा रहा है. इसके लिए एग्जाम डिपार्टमेंट की बिल्डिंग में दो कमरों को सेफ रूम में बदला जाएगा. एक रूम में रेड कलर वाला टैबुलेशन चार्ट रखा जाएगा, वहीं दूसरे में नीले रंग का टैबुलेशन चार्ट रखा जाएगा. दोनों की कमरों में रखे गए चार्ट में एग्जाम डिपार्टमेंट रेडियो फ्रीक्वेंसी आईडेंटिफिकेशन टैब रिफ्ड का प्रयोग किया जाएगा.



**सीबीआई बिल्डिंग में सभी छात्रों के लिए अलग से काउंटर खोला जाएगा.**

### हर चार्ट पर लगेगा रिफ्ड

परीक्षा नियंत्रक एके मिश्रा ने बताया कि इस तकनीक से हम सभी टैबुलेशन चार्ट को पहचान लेंगे. जिस सेफ रूम में यह चार्ट रखे जाएंगे वहां एक रेडियो डिवाइस लगाई जाएगी. उस रूम में रखे सभी चार्ट उस डिवाइस से जोड़े जाएंगे. इससे जैसे ही कोई इन टैबुलेशन चार्ट बाहर ले जाएगा, रूम में रखी डिवाइस गायब चार्ट की सूचना डाटा बेस में अपलोड कर देगी. परीक्षा नियंत्रक के अनुसार इससे आसानी से पता चल जाएगा कि कौन सा टैबुलेशन चार्ट गायब है. साथ ही इन सेफ रूम में किसी कर्मचारी को जाने की अनुमति नहीं होगी.

# एलयू में परीक्षा आवेदन शुरू, नैड आईडी जरूरी

## 29 फरवरी तक होंगे वार्षिक परीक्षा के आवेदन

माई सिटी रिपोर्टर

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय में बीए, बीएससी, बीकॉम द्वितीय वर्ष भूतपूर्व, बीए-बीएससी, बीकॉम तृतीय वर्ष नियमित व भूतपूर्व 2020, वार्षिक परीक्षा पर आधारित डिप्लोमा पाठ्यक्रमों, ललित कला संकाय के बैक पेपर, नियमित, भूतपूर्व विद्यार्थियों के परीक्षा आवेदन शुरू हो गए हैं। साथ ही परीक्षा आवेदन 29 फरवरी तक होंगे। यूजीसी के निर्देश का हवाला देते हुए विवि प्रशासन ने नेशनल एकेडमिक डिपॉजिटरी (नैड) आईडी अनिवार्य रूप से परीक्षा फॉर्म में देने का निर्देश दिया है।



परीक्षा नियंत्रक डॉ. एके मिश्रा की ओर से जारी सूचना में कहा गया है कि जिन छात्रों की नैड आईडी नहीं है वे अपनी आईडी क्रिएट करके इसकी सूचना परीक्षा फॉर्म में अवश्य दें। नियमित छात्रों को ऑनलाइन भरे गए परीक्षा फॉर्म को संबंधित संकायाध्यक्ष कार्यालय में जमा करना है।

परीक्षा शुल्क यहां नहीं देना है। भूतपूर्व विद्यार्थी ऑनलाइन परीक्षा फॉर्म भरकर परीक्षा शुल्क ऑनलाइन कर संबंधित संकायाध्यक्ष के यहां जमा करें। सभी संकायाध्यक्ष चार मार्च तक परीक्षा फॉर्मों को परीक्षा विभाग में उपलब्ध कराएंगे। उन्होंने कहा है कि सहयुक्त महाविद्यालयों के विद्यार्थी ऑनलाइन भरे परीक्षा फॉर्म निर्धारित शुल्क के साथ अपने कॉलेज में जमा करें। कॉलेज प्राचार्य निर्धारित परीक्षा शुल्क ऑनलाइन विवि के खाते में जमा करके परीक्षा फॉर्म 4 फरवरी तक विवि में अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराएं।